कार्यालय, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बुलन्दशहर।

पत्रांक– 3215 / 14–1 ,बुलन्दशहर, दिनांक, 10 – 03 – 2023।

सेवा में,

वन संरक्षक,
मेरठ वृत्त, मेरठ।

विषयः– कार्योपरान्त स्वीकृति (Ex-post Facto) के अन्तर्गत जनपद–बुलन्दशहर में दिल्ली–कानपुर मार्ग (एन0एच0–91) के कि0मी0 60 (चैनेज 59.180) की दांयी पटरी के किनारे ग्राम लालपुर के खसरा सं0–165 में हिन्दुस्तान पट्रोलियम कारर्पोरेशन लिमिटेड के रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु 0.1689245 है0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बिना वृक्ष पातन की अनुमति के सम्बन्ध में। प्रस्ताव संख्या –FP/UP/others/30840/2017

सन्दर्भः– मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ की पत्र सं0 1357 / 11–सी दिनांक 14.10.2022 ।

महोदय,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अपने पत्र सं0 1357 / 11–सी दिनांक 14.10.2022 में दर्शायी गयी कमियों को पूर्ण करने हेतु याचक विभाग हिन्दुस्तान पट्रोलियम कार्पोरेशन लि0 आगरा एवं सम्बन्धित क्षेत्रीय वन अधिकारी स्याना को लिखा गया। याचक विभाग एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी, स्याना द्वारा प्रस्ताव में दर्शायी गयी कमियों को पूर्ण कर दिया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

1. प्रभावित क्षेत्रफल के अनुसार 338 पौधों का क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण का प्राक्कलन बनाकर प्रस्ताव के साथ संलग्न है, तथा ऑन लाईन भाग–2 में धनराशि फीड कर अपलोड कर दी गयी है।
2. प्रस्ताव में रिटेल आउटलेट स्थापित किये जा रहे भूमि की खतौनी संलग्न है।
3. पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का वर्तमान अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में पत्र संलग्न है।
4. गजट नोटिफिकेशन की स्पष्ट छाया प्रति प्रभागीय निदेशक द्वारा सत्यापित संलग्न है।
5. प्रयोक्ता एजेन्सी के विरूद्ध एच–2 केस प्रभागीय निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कर दिया गया है, तथा एच–2 केस कम्पाउन्ड किया गया संलग्न है।
6. प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा जमा की गयी जुर्माना धनराशि के रसीद की छाया प्रति संलग्न है।
7. दण्डात्मक एन0पी0वी0 की गणना भारत सरकार के पत्र दिनांक 29.01.2018 में दिये गये निर्देशों के क्रम में करके संलग्न है।
8. प्रस्ताव के साथ पैनड्राईव में अनावश्यक अभिलेख डिलीट कर दिये गये हैं।
9. पैनड्राईव में प्रमाण पत्र / वचनबद्धता प्रमाण पत्र / विषय सूची सहित फोल्डर में पी0डी0एफ0 फाईल में अपलोड कर संलग्न है।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
Singh
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
बुलन्दशहर।